**Seventeenth Loksabha**

an>

Title:  Need to take steps to prevent crulety towards animals.

**श्री प्रिंस राज (समस्तीपुर)**: महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। जैसा कि आप देख सकते हैं – नो मोर 50,  मैं बताना चाहता हूं कि  यह कोई प्रोटेस्ट नहीं है, अवेयरनेस है। हमारे सहयोगी और मित्र अनुभव मोहंती जी ने इसके बारे में बताया था और अब हम आपके समक्ष यह बात रख रहे हैं।

महोदय, नो मोर 50, मैं अपनी उम्र के बारे में नहीं बता रहा हूं।

वर्ष 1960 में जानवरों के प्रति जो अन्याय होता था, उसको बचाने के लिए 1960 में एक एक्ट  निकाला गया था। उसमें 50 रुपये का दंड रखा गया था। अब 60 साल होने जा रहे हैं। वह दंड अभी तक 50 रुपये ही है। उस जमाने में 50 रुपये बहुत ज्यादा होते थे, लेकिन आज के जमाने में 50 रुपये की उतनी ज्यादा वैल्यू नहीं है। मैं आपसे यही आग्रह करूंगा कि 60 साल में एक आदमी भी रिटायर हो जाता है, इसलिए, अब इस 50 रुपये को भी रिटायर हो जाना चाहिए और एक नया कानून आना चाहिए, जिसमें कुछ ऐसे सख्त प्रावधान हों, जिससे क्रुएल्टी टूवार्ड्स एनिमल को रोका जा सके। आज सोशल मीडिया के माध्यम से हम लोग देखते रहते हैं कि किस तरह के वीडियो सामने आते हैं। हम सभी यंग एमपी और सीनियर मोस्ट एमपी से आग्रह करेंगे कि बेजुबान को जुबान देने की कोशिश की जाए ।

**माननीय सभापति:** डॉ. अमर सिंह जी – उपस्थित नहीं।